an>

Title: Need to extend the Pune-Lonawala suburban railway services to Hinjawadi IT Park and Talegaon-Chakan industrial area and also augment passenger facilities at railway stations under the suburban railway.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) ः मैं पुणे-लोनावाला उपनगरीय (सब-अर्बन) रेल सेवा को मुम्बई उपनगरीय रेल सेवा का दर्जा देने की मांग करता हूँ। वर्तमान में पुणे-लोनावाला उपनगरीय रेल सेवा अस्तित्व में है। लेकिन इस उपनगरीय रेल सेवा को मुंबई और उसको उप शहरों में जिस तरह प्राथमिकता दी जाती है। उस प्रकार इस उपनगरीय रेल सेवा को प्राथमिकता नहीं दी जाती। कई बार लम्बी दूरियों की एक्सप्रेस गाड़ियां पास करने के लिए इस उपनगरीय रेल सेवा को वेटिंग ट्रेक पर 15-20 मी. तक वेटिंग में खड़ा करवा दिया जाता है। इसके साथ ही साथ इस रूट में रेलवे स्टेशनों पर प्राथमिक सुविधाएं जैसे कैंटीन, स्वच्छता गृह आदि सुविधा अपूर्ण होने से यात्रियों को बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और आज लगभग एक से सवा लाख स्थानीय यात्री नियमित रूप से इस उपनगरीय रेल सेवा का इस्तेमाल करते हैं।

पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ शहर, पुणे ग्रामीण विभाग की आबादी लगभग एक करोड़ है। महाराष्ट्र में पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ शहर बहुत जी से विकसित हो रहे शहर माने जाते हैं और अगर पुणे-लोनावाला उपनगरीय रेल सेवा को प्राथमिकता दी जाती है और इस सेवा का कार्य क्षेत्र हिंजवड़ी, आई.टी. पार्क और तलेगांव-चाकण इंडस्ट्रियल क्षेत्र तक फैलाया जाए तो निश्चित रूप से रेल यात्रियों को आसानी तो होगी और साथ ही साथ आज पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ शहर की ट्रेफिक की समस्या दूर होने में सहायता मिलेगी।